पत्र संख्या स्था0अराज0 / /ई0आई0एम0एस0 / 2022 23 / 1604 / राज्य कर

कार्यालय कमिश्नर राज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक 04 जुलाई, 2022

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
राज्य कर उत्तर प्रदेश।

अवगत है कि तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2020–21 से आनलाईन वार्षिक प्रविष्टि प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2020–21 से पूर्व की पूर्ण वार्षिक प्रविष्टि को आनलाईन ई0आई0एम0एस0 पोर्टल पर फीड किया जा रहा है। वार्षिक प्रविष्टि को आनलाईन फीड किये जाने पर संज्ञान में आया है कि कई तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की वार्षिक प्रविष्टि अपूर्ण होने के कारण आनलाईन वार्षिक प्रविष्टि फीड नहीं हो पा रही है। पूर्व में मुख्यालय के पत्र संख्या 3404 दिनांक 16.12.2020 द्वारा तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की वार्षिक प्रविष्टि पूर्ण कराके मुख्यालय प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गई थी।

उक्त के सम्बन्ध में कमिश्नर महोदया की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर वैयक्तिक सहायक /आशुलिपिक सेवा संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री की बैठक में संघ द्वारा सभी कार्मिको की पुरानी वार्षिक प्रविष्टि ई0आई0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड कराये जाने की गई मांग पर कमिश्नर महोदया द्वारा समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,वाणिज्य कर को कार्यवाही पूर्ण कराकर मुख्यालय को अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने अधीनस्थ कार्यालय तथा अपने कार्यालय के समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की वित्तीय वर्ष 2020–21 से पूर्व की अपूर्ण वार्षिक प्रविष्टि को पूर्ण कराके मुख्यालय प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि मुख्यालय स्तर से अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें।

(सुधा वर्मा)
अपर आयुक्त,राज्य कर
प्रभारः– अपर आयुक्त (प्रशासन)राज्य कर
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवंश्यक कार्य हेतु प्रेषित है:–

1 अपर आयुक्त (प्रशासन) कैम्प राज्य कर उत्तर प्रदेश।
2 अपर निदेशक(प्रशिक्षण) राज्य कर, राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ।
3 समस्त अनुभाग अधिकारी,राज्य कर मुख्यालय।
4 संयुक्त आयुक्त(आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय लखनऊ को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड तथा ए0सी0आर0 माड्यूल को उक्त निर्धारित तिथि के लिये खोले जाने का कष्ट करें।
5 संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0) राज्य कर मुख्यालय को पत्र संख्या 1413 के सम्बन्ध में सूचनार्थ प्रेषित है।
6 प्रान्तीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर वैयक्तिक सहायक/आशुलिपिक सेवा संघ उत्तर प्रदेश।
7 प्रान्तीय अध्यक्ष, यू0पी0 राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

01/07/2022
(पी0एन0यादव)
संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0)राज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।